**खबर संक्षेप**

## ''प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में प्रथम''



**मण्डला।** 10 जनवरी 2025 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मण्डला में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय ''वोट जैसा कुछ नही, वोट जरूर डालेंगे हम'' 1000 शब्दों में। इस कार्यक्रम का अयोजन महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ.टी.पी.मिश्रा के मार्गदर्षन एवं नेत्रृत्व में किया गया। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मण्डला जिले के 03 महाविद्यालय सम्मिलित हुये। इस दौरान डॉ.बी.एल.झारिया, जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुये एवं शुभकामनाएँ देते हुये कहा की राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का उद्देष्य नागरिकों को अपने मत अधिकार के प्रयोग करने के प्रति जागरूक करना ताकि वह सही निर्णय ले सके। श्री अनिल चौरे द्वारा बताया गया की राष्ट्रीय मतदाता दिवस के माध्यम से हमें देष के नागरिकों को निर्वाचन की प्रक्रिया में भाग लेने के प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण अवसर मिलता है। इस कार्यक्रम में निर्णयक की भूमिका डॉ.सुखदेव सिंह बरकड़े, डॉ.नेहा रॉय, डॉ.नितिंका रघुवंशी की रही। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शालनी पटेल बी.एससी तृतीय वर्ष, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मण्डला द्वितीय स्थान संजीत कुमार परते शासकीय महाविद्यालय भुआ बिछिया एवं तृतीय स्थान निषा कछवाहा जगन्नाथ मुन्ना लाल चौधरी शासकीय कन्या महाविद्यालय मण्डला ने प्राप्त किया।

## 15 जनवरी तक बुक कर सकते हैं किसान अपना स्लॉट

**मण्डला।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन विक्रय करने हेतु 36402 किसानों ने स्लॉट बुक कराया है। शासन के निर्देशानुसार शेष किसानों के लिए तिथि 15 जनवरी 2025 तक बढ़ाई गई है। उन्होंने शेष किसानों से अनुरोध किया है कि धान विक्रय करने हेतु 15 जनवरी 2025 तक अपना स्लॉट हेतु वेबसाइट https://mpeuparjan.nic.in में बुक कर सकते हैं।

## नर्मदा का आंचल छलनी कर निकाली जा रही रेत

# नर्मदा में मशीनों से उत्खनन

*** हजारों ट्राली मिट्टी, मुर्रम नर्मदा में डाल अवरूद्ध की गई धारा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शासन के द्वारा तय किये गये नियमों की यदि अव्हेलना होती देखना हो तो मण्डला इसका सबसे बढ़ियाँ उदाहरण है। शासन द्वारा तय नियमों के तहत नर्मदा नदी के अंदर से रेत निकालना पूर्णरूप से प्रतिबंधित है और मशीनों के माध्यम से तो उत्खनन नदी के अंदर किया ही नहीं जा सकता लेकिन यह सब कुछ हो रहा है और खुलेआम हो रहा है।





जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर बक्छेरादौना ग्राम में नर्मदा के जल के अंदर बड़ी-बड़ी मशीनों के माध्यम से रेत का उत्खनन किया जा रहा है और नदी के अंदर लगी मशीन के समीप तक बड़े-बड़े डम्फर एवं अन्य वाहन पहुंच सकें इसके लिये हजारों ट्राली मुर्रम एवं मिट्टी नर्मदा जी में डालकर रास्ते बनाये गये हैं। नर्मदा में बने ये रास्ते प्रभावित न हो इसके लिये नर्मदा जी की धारा को भी अवरूद्ध करने का प्रयास लगातार जारी है। पिछले काफी समय से यह अत्याचार हो रहा है लेकिन शासन और प्रशासन आंख बंदर किये बैठा है। स्थानीय नर्मदा भक्तों ने आपत्ति दर्ज कराई एवं इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से की तो उलटा प्रशासन के अधिकारी इन शिकायतकर्ताओं को ही धमकाने लगे एवं ठेकेदार का सहयोग करने की समझाईश देने लगे जिसके प्रमाण इन शिकायतकर्ताओं के पास रिकॉर्डिंग के रूप में मौजूद हैं।

अवैध रूप से नर्मदा नदी के अंदर से निकाली जा रही रेत जिस ठेकेदार के द्वारा निकाली जा रही है उसके गुर्गे इस पूरे क्षेत्र में नाकाबंदी करके बैठे हुये हैं और उनके इस कुत्सित प्रयास को पुलिस का संरक्षण भी प्राप्त है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि वे जब पुलिस के शीर्ष अधिकारियों के पास इसकी शिकायत करने पहुंचे तो उलटा उन्हें ही ठेकेदारों के साथ सहयोग करने की बात समझाई गई।

### नर्मदा नदी को माना गया जीवंत इकाई

प्रदेश की भाजपा सरकार के ही मंत्री ने सार्वजनिक रूप से माँ नर्मदा नदी को जीवंत इकाई मानते हुये इनके साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ को कानूनी अपराध बताया था और इसके लिये व्यापक दण्ड की बात भी कही थी इसके बावजूद यदि माँ नर्मदा के आस्तित्व के साथ इस तरह का खिलवाड़ हो रहा है और प्रदेश में नर्मदा भक्त मुख्यमंत्री सरकार चला रहे हों और उनके मातहत अधिकारी जिनके जिम्मे जिले की व्यवस्था हो वे यदि इस अव्यवस्था को सरकार तक नहीं पहुंचा रहे तो फिर कहीं न कहीं माँ नर्मदा की आस्था के साथ एवं शासन की मंशा के साथ मजाक किया जा रहा है।

एक ओर तो नगर के नर्मदा घाटों को सुसज्जित किया जा रहा है शानदार महाआरती प्रारंभ की गई है वहीं दूसरी ओर यदि माँ नर्मदा के ही आंचल को बड़ी-बड़ी मशीनों के माध्यम से छलनी किया जाये और उनकी धारा को अवरूद्ध कर माँ नर्मदा के आस्तित्व पर ही अत्याचार करने का प्रयास हो तो फिर हम कैसें नर्मदा भक्त?







कार्यालय कलेक्टर जिला मण्डला

जनसुनवाई हेतु आवेदन पत्र

## विधायक ने ली जनपद पंचायत की विभाग की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के सभा कक्ष में 10/1/2025 को विधायक चैन सिंह वरकडे विधानसभा निवास की अध्यक्षता में जनपद स्तरी सभी विभागों की बैठक ली गई जिसमें जनपद पंचायत नारायणगंज के अध्यक्ष आसाराम भारतीय उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा एवं मुख्य कार्यपालिका अधिकारी गौरीशंकर डेहरिया विधायक द्वारा सभी विभागों को के अधिकारियों को उनके कामों के प्रति एवं जनपद में हो रहे मजदूरों का पलायन रोकने के लिए उचित कदम उठाने के लिए कहा एवं अधिक से अधिक काम मजदूर से करने के लिए कहा एवं राशन दुकानों में घर-घर जाकर जो फिंगरप्रिंट लेकर राशन नहीं दिया जाता उन्हें भी सभी सेल्समैनों को हिदायत दी की अगर किसी प्रकार की सूचना मिली कि घर जाकर फिंगरप्रिंट लेने के बाद भी राशन नहीं दिया जाता उन सेल्समैनों के ऊपर सख्त कार्यवाही की जाएगी राशन की दुकानों में ही हितग्राहियों के फिंगरप्रिंट लेकर तुरंत राशन एवं पर्ची दी जाए जिससे उन्हें पता हो सके कि किसी माह का राशन मिल रहा है और कितना किलो इस संबंध में सभी सेल्समैन को एवं उनके अधिकारियों को सूचित किया जा रहा है बैठक में स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर अमत कोल शिक्षा विभाग से श्री गुप्ता वन विभाग से मयंक उपाध्याय टिकरिया रेंज एवं कालपी रेंज के मैडम कृषि विभाग से श्रीमती प्रीति, लोवंशी उद्यान की विभाग जल जीवन मिशन एवं निगम से श्रीवास्तव जी महिला बाल विकास से संजय मोहरे पशु चिकित्सा अधिकारी आशीष लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई विभाग से श्री गुप्ता जीआजीका परियोजना अधिकारी पीडब्लूडी तहसील कार्यालय से कर्मचारी सभी जनपद सदस्य उपस्थिति रही।

## बम्हनी कालेज में नशा मुक्त भारत अभियान



**बम्हनीबंजर।** शासकीय कला महाविद्यालय बम्हनी बंजर में प्राचार्य डॉ.श्रीमती करूणा नेमा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ.रंजीत कुमार भालेकर द्वारा नशा मुक्त भारत कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम समस्त स्टाप को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गयी। इसके उपरांत स्थानीय क्षेत्र में जागरूकता रैली नारे लगाते हुए निकाली गयी। रैली क्षेत्र से होती हुई चौक पर पहुंची यहां पर नशा मुक्ति का नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। स्वंयसेवक हर्ष पटेल, शिवा वरकड़े, केशव आमवंशी, जूली परते, पलक परते, देवांशी हरदहा, मुस्कान चक्रवर्ती, अजय मरकाम, संतोषी, साक्षी भांवरे एवं अन्य स्वंयसेवको ने नुक्कड़ नाटक में सहयोग किया। इस कार्यक्रम में प्रो. एस.पी.झारिया, डॉ.श्रीमती कुन्ती वराठे, डॉ.मनीष कुमार लांजेवार, डॉ.रियंका पटेल उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार समावेशीत शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु शिक्षा के साथ साथ संसाधन मुहैया कराने हेतु डी पी सी अरविंद विश्वकर्मा ए पी सी आई ई डी के के उपाध्याय के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का आयोजन दिनांक 6/1/2025 को जनपद शिक्षा केंद्र बिछिया के प्रांगण में किया गया जिसमें 300 दिव्यांग बच्चों ने शिरकत की इस चिकित्सा शिविर मे विकासखंड की कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों का चिकित्सकीय मूल्यांकन कर 42 बच्चों को 70 सहायक उपकरण के लिए चिन्हित किया गया एवं 89 बच्चों के चिकित्सा प्रमाण पत्र बनाए गए शिविर में दिव्यांग बच्चों की यू डी आईडी कार्ड बनाने हेतु भी कार्रवाई की गई शिविर में आए समस्त दिव्यांग बच्चों को यात्रा भत्ता एवं भोजन प्रदान किया गया शिविर में चिन्हाकित सभी बच्चों को आगामी शिविर में सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा शिविर मे चिकित्सा विभाग से डॉ विजय धुर्वे डॉ हेमेंद्र चौहान डॉ योगेश सिरसाम डॉ कमलेश ठाकुर राम मिश्रा उपस्थित रहे उपकरण निर्माण संस्था एलिमको जबलपुर से आए विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दी शिविर को सफल बनाने में बी आर सी हेम सिंह मरावी ऍम आर सी माधुरी मोरघड़े ऍम आर सी चन्द्रगुप्त पटैल बी ए सी कृष्ण चंद्र पटेल बीएससी अमरलाल कुशराम लेखापाल अजय दुबे धीरेन्द पटैल ऑपरेटर दिव्यांग नोडल शिक्षकों एवं जनशिक्षकों का सहयोग रहा।

## पैरेंटल केयर गतिविधियों का क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय एक दिवसीय बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मंडला एवं पदेन जिला कमिश्नर स्काउट मंडला वंदना गुप्ता के निर्देशानुसार एवं जिला मुख्य आयुक्त मंडला डॉ. संजय तिवारी, जिलाध्यक्ष अजय खोत, कब कमिश्नर अखिलेश चन्द्रोल, जिला स्काउट प्रभारी दिनेश कुमार दुबे, उपाध्यक्ष कल्पना नागेश्वर, रेंजर कमिश्नर सावित्री सांड्या, उपाध्यक्ष स्वल्पा बड़गैया, जिला गाइड कमिश्नर रश्मि बाजपेई, उपाध्यक्ष उपेंद्र शुक्ला, विकासखंड स्काउट कमिश्नर रंजीत गुप्ता एवं अन्य जिला पदाधिकारीगण के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय प्रोजेक्ट पर्यावरण परिवर्तन अंतर्गत पैरेंटल केयर के गतिविधियों का क्रियान्वयन हेतु भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली एवं राज्य मुख्यालय भोपाल के पत्रानुसार जिला स्तरीय योजना एवं सामान्य बैठक का आयोजन रानी अवंती बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडला में किया गया। बैठक में मंडला जिले के 50 विद्यालयों से शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को आमंत्रित किया गया था। मास्टर ट्रेनर के रूप में भोपाल से प्रशिक्षण प्राप्त करके आये हुए जिला कोऑर्डिनेटर (क्लेप) लोक सिंह पदम एवं यूनिट लीडर देव कुमार मरकाम ने कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न प्रकार के लघु फिल्म प्रदर्शन करते हुए अपनी बात रखी एवं इन लघु फिल्मों को अभिभावकों के साथ साझा करके अभिभावकों से निर्धारित प्रारूप में फीडबैक लेने को कहा। बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मंडला एवं पदेन जिला कमिश्नर स्काउट वंदना गुप्ता के द्वारा सभी प्रतिभागियों को पैरेंटल केयर से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी मंडला रंजीत गुप्ता के द्वारा स्काउट गाइड के कार्यक्रमों की सराहना की गई। जिला प्रशिक्षण आयुक्त मंडला के के सोनवानी के द्वारा 'परवरिश के चैम्पियन' कैसे बने पर अपनी बात रखी गई। सभी प्रतिभागियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से पैरेंटल केयर से संबंधित लघु फिल्म दिखाकर मौखिक फीडबैक लिया गया। कार्यक्रम स्थल पर बेहतर व्यवस्था हेतु शासकीय रानी अवंती बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडला के प्राचार्य जय लक्ष्मी सोनी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत घोट**
**जनपद पंचायत बिछिया जिला मण्डला (म.प्र.)**

क्रं. 0/2025 **निविदा सूचना** दिनांक 10/01/2025

कार्यालय ग्राम पंचायत घोट में वर्ष 2024-25 में स्टाम्प शुल्क मद से नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य स्वीकृत है। निर्माण कार्य हेतु आवश्यक निर्माण सामाग्री की आवश्यकता है।, रेत, ईट, सीमेन्ट लोहा 8mm, 10mm, 12mm, 16mm गिट्टी 20mm, 40mm एवं सेन्टिंग प्रति वर्ग फुट, मिक्सर मशीन वाईब्रेटर मशीन, बिल्डिंग वर्क आवश्यक निर्माण सामाग्री की आवश्यकता है। निविदा प्रकाशन 5 दिवस के अन्दर जी. एस. टी धारक कार्यालयीन समय पर बंद लिफाफे दर प्रस्तुत करें।

सुमेशसिंह मरावी, सरपंच ग्रा.पं.घोट, 7987648124
अर्जुन सिंह, उपसरपंच, ग्रा.पं.घोट
नूरसिंह पन्द्रे, सचिव ग्रा.पं.घोट, 7999951544

**ग्राम पंचायत चंगरिया**
**जनपद पंचायत बिछिया, जिला-मण्डला (म.प्र.)**

क्रं. 0/2025 **निविदा सूचना** दिनांक 10/01/2025

कार्यालय ग्राम पंचायत चंगरिया में वर्ष 2024-25 में जीडीपी एवं में शामिल व स्वीकृत 15 वित्त स्टाम्प शुल्क व अन्य मद से भवन निर्माण कार्यो मे आवश्यक समाग्री - रेत, ईट, लीमेन्ट, लोहा, 8mm, 10mm, 12mm, 16mm, 20mm, 30mm, 40mm एवं सेंटिंग मिक्सर वाईब्रेटर अन्य समाग्री आवश्यकता है। निविदा प्रकाशन के 5 दिवस के अंदर जीएसटी धारक कार्यालयीन समय मे बंद लिफाफे में दर प्रस्तुत करें।

श्री दसरूलाल मार्को, सरपंच, ग्रा.पं.चंगरिया
श्री उत्तम परतेती, उपसरपंच, ग्रा.पं.चंगरिया
अइयालाल साहू, सचिव, ग्रा.पं.चंगरिया

**कार्यालय ग्राम पंचायत सागर जनपद पंचायत मण्डला**

क0ग्रा0पंचा0/2025 दिनांक 10-01-2025

-:निविदा सूचना:-

ग्राम पंचायत सागर जनपद पंचायत मंडला द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-2026 में नवीन ग्राम पंचायत भवन (अटल सुशासन भवन) लगने वाली इंट रेत गिट्टी 20 एमएम 40 एमएम लोहा सीमेन्ट खिडकी दरवाजे विधुत सामग्री नल फिटिंग सामग्री सेनेटरी सामग्री मुरम मिक्सर मशीन पानी टेकर सेटिंग बाईब्रेटर टाईल्स पुट्टी प्राईमर इमलशन गुणवत्ता पूर्ण आदी सामग्री का जीएसटी बिल वाले सामग्री सप्लायरो से बंद लिफाफे में निधारित सामग्री दर के अनुसार निविदा आमंत्रण दिनांक से 10 दिवस के अन्दर कार्यालीन समय पर निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा सबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

सचिव, ग्राम पंचायत सागर
सरपंच, ग्राम पंचायत सागर

**विमोचन** | **पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान पर की चर्चा।**

# जनकल्याण पर्व, पुस्तिका एवं फोल्डर का हुआ विमोचन

*** भाजपा सरकार के विजन के बारे में दी जानकारी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर भाजपा अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा ने शुक्रवार को जिला योजना भवन में शासन की योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित जनसंपर्क विभाग के जनकल्याण पर्व पुस्तक, जनकल्याण पर्व गुटका और मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान फोल्डर का विमोचन किया। जनसंपर्क संचालनालय भोपाल द्वारा उक्त प्रचार सामाग्री जिले में आयोजित कार्यक्रमों में वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ और डिप्टी कलेक्टर श्री आशुतोष ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

### जनकल्याण पर्व और मुख्यमंत्री कल्याण अभियान फोल्डर

जनकल्याण पर्व और मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान फोल्डर में ''मोहन यादव सरकार काम लगातार फैसले असरदार'' और ''मोदी जी का विजन यादव सरकार का मिशन'' के बारे में बताया गया है। जिसमें प्रदेश वासियों के नाम मुख्यमंत्री की पाती और 'लक्ष्य हमारा जनकल्याण' समृद्ध हो रही संस्कृति, अभूतपूर्व गति से औद्योगिक विकास, प्रगति का आधार अधोसंरचना विकास, सुशासन की सरकार, गरीब वर्ग को समान अवसर, सबके साथ आगे बढ़ता जनजाति समाज, आगे बढ़ते युवा, खुशहाली की ओर अन्नदाता, आत्मविश्वास से भरपूर नारी शक्ति, सुलभ आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा, सशक्त भविष्य के लिए शिक्षा, कायाकल्प की ओर शहरी विकास, नई पहचान गढ़ता पर्यटन, सेवा और संवर्धन गौसंरक्षण, नई जाग्रति के साथ पर्यावरण संरक्षण, विकास को बल देती अर्थव्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। जिसका लाभ जिलेवासियों को मिलेगा।

### जनकल्याण पर्व पुस्तक

शासन की एक वर्ष की उपलब्धियों के बारे में ''जनकल्याण पर्व पुस्तक'' में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई है। जिसमें जनसेवा और विकास के समर्पित प्रयासों के एक साल का विस्तृत वर्णन किया गया है। जिसमें औद्योगिक निवेश, युवा कल्याण, किसान कल्याण, गौ-संरक्षण एवं संवर्धन, गरीब कल्याण, जनजातीय कल्याण, महिला कल्याण, सुशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, शहरी विकास, अधोसंरचना विकास, सांस्कृतिक एवं अध्यात्मिक अभ्युदय, पर्यटन विकास के नए आयाम, पर्यावरण के लिए नव जाग्रति, केन्द्रीय योजनाओं में अग्रणी मध्यप्रदेश और अन्य उपलब्धियां/पुरूस्कार के बारे में विस्तार से वर्णन किया गया है।

## विश्व हिन्दी दिवस के मौके पर मात्र बधाई संदेश देने के लिये ही किया गया राष्ट्र भाषा को याद, कार्यक्रमों में नाम पर औपचारिकता निभाते हुये एक साल के लिये फिर फाईलों में दबकर रहे जावेगी हिन्दी हमारी भाषा.., लगातार अंग्रेजी का बोलबाला होने से हिन्दी हाशिये पर






**गाडरवारा।** हर क्षेत्र में लगातार अंग्रेजी भाषा का बोल बाला होने के चलते हमारे देश की राष्ट्रभाषा हिन्दी को मात्र साल में दो दिन यानि की विश्व हिन्दी दिवस या फिर राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के मौके पर बधाई संदेश देने तक ही सीमित होकर रहते हुये जान पड़ रही है..? जिसकी सच्चाई कल शुक्रवार को विश्व हिन्दी दिवस के मौके पर देखने मिली जब दिन भर सोसल मीडिया पर विश्व हिन्दी दिवस को लेकर बधाईयों के संदेश तो चलते हुये देखे गये। मगर सरकारी से लेकर निजी कार्यालयों सहित बैकों में वही अंग्रेजी भाषा का साम्राज्य देखने मिला। क्योंकि विश्व हिन्दी दिवस के मौके पर निश्चित तौर से जहां तहां शासकीय कार्यालयों में हिन्दी भाषा को याद करते हुये कार्यक्रमों में नाम पर औपचारिकता निभाई गई। क्योंकि बीते हुये बुधवार को विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर लोगों द्वारा जहां हिन्दी भाषा को याद जरूर किया जावेगा। मगर वह मात्र औपचारिकता पूर्ण ही साबित होने से नही चूक पाया। क्योकि इस अवसर पर शासकीय कार्यालयों व किसी संस्था में हिन्दी दिवस के नाम पर शायद ही राष्ट्र भाषा को याद करते हुये कोई कार्यक्रम आयोजित होते हुये देखे गये हो? यदि हुये तो वह मात्र औपचारिकता पूर्ण साबित होने से नही चूके है। यह बात अलग है कि विश्व हिन्दी दिवस को लेकर सोशल मीडिया पर जरूर एक दूसरे को बधाई देने के लिये हिन्दी दिवस को जरूर याद करते हुये देखा गया। मगर जिस प्रकार से देखा जा रहा है कि लोग अंग्रेजी का बोलबाला होने के कारण हमारी राष्ट्र भाषा को कुलते चले जा रहे है वह निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई उजागर होने से नही चूक पा रही है? हर छोटे कार्यालय से लेकर बड़े कार्यालयों में अंग्रेजी की मार के चलते जहां हिन्दी भाषी परेशान होत चले जा रहे है। वही दूसरी ओर लोगों में अपने बच्चों को जिस प्रकार से अंग्रेजी की ओर ढकेला जा रहा है उसका हमारी हिन्दू संस्कृति पर भी काफी हद तक प्रभाव देखने मिल रहा है। यह बात अलग है कि हमारी मात्र भाषा हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा जरूर मिल गया है। मगर इसके बाद भी लोगों द्वारा हर कार्य में जिस प्रकार से अंग्रेजी को महत्व दियास जा रहा है उसके चलते सही मायने में देखा जावे तो हिन्दी विलुप्त होते हुए दिखाई दे रही है। इतना ही नही यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक बैकों में स्पष्ट लिखा होता है कि हिन्दी का उपयोग किया जावेगा तो हमे बड़ी प्रसन्नता होगी। मगर यह लिखा हुआ शब्द मात्र वोर्ड की शोभा बढ़ाने तक ही सीमित होकर रहे चुका है? जबकि सच्चाई यह है कि अभी भी बैंक, बिजली विभाग सहित अन्य फाईनेस कंपनियों द्वारा अपने माल को उपभोक्ताओं को बेचने वाली कंपनियों में अंग्रेजी का वर्चस्व बना हुआ है। हालत यह है कि कई नामचीन कंपनियों के लिए काम करने वाले स्टाईलिश युवा फर्राटे दार अंग्रेजी बोलकर पहले तो उपभोक्ताओं को प्रभावित करने की चेष्टा करते है और बाद में मशीन या अन्य फाईनेस करने के लिए अंग्रेजी भाषा में लिखा एग्रीमेन्ट फार्म पेश करा लेते है और उस पर कम पढ़े लिखे लोगों द्वारा बगैर समझे ही हस्ताक्षर या फिर अंगूठा लगवाने से नही चूकते है। जबकि देखा जावे तो उस अंग्रेजी एग्रीमेन्ट में क्या लिखा है वह उपभोक्ता को पता तक ही नही रहता है...? गौरतलब है कि अंग्रेजी न जानने वाले बहुत से उपभोक्ता कंपनियों के अभिकर्ताओं की बातों में आकर इन अनुबंध पत्रों पर हस्ताक्षर तो कर देते है मगर बाद में उनके दिमाग में यह शंका उभरने लगती है कि अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करने के दौरान कही उनसे ऐसी गलती तो नही हो गई है, जिसके कारण बाद में उन्हें पछताने मजबूर होना पड़े और अक्सर ऐसा होता भी है? भारत की समर्थ राष्ट्रभाषा हिन्दी के बोलने, समझने, लिखने वालों की बड़ी तादाद क्षेत्र में होने के बावजूद भी अंग्रेजी भाषा में लिखे अनुबंध पत्रों के गोरख धंधे को लेकर समूचे क्षेत्र में इन दिनों कई तरह की चर्चाएं सुनाई पड़ रही है? आमजनों का कहना है कि कभी-कभी अंग्रेजी भाषा में उपभोक्ताओं के सामने पेश किये जाने वाले एग्रीमेन्ट फार्म भ्रम पैदा करते है और शासकीय विभागों या कंपनियों और उपभोक्ताओं के बीच बनी विश्वास की डोर ढ़ीली पड़ने लगती है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि जिम्मेदार विभागों, कंपनियों के अनुबंध पत्रों में हिन्दी भाषा का प्रयोग किया जाना चाहिए। इस बारे में हरिभूमि टीम से चर्चा करते हुए सालीचौका निवासी युवा व समाजसेवी राजीव राय का कहना है कि हमारे देश की सरकारे लगातार राष्ट्रभाषा हिन्दी को सम्मान जनक दर्जा दिलाने का प्रयास कर रही है। वही कई बैक भी हिन्दी पखबाड़ा मना रहे है। पर आमतौर पर देखने में आता है कि ऋण लेने के लिए उपभोक्ताओं से अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित अनुबंध भरवाये जाते है। इस हालत में निश्चित ही अंग्रेजी का ज्ञान न होने से अधिकतर व्यक्ति दुविधा में पड़ जाते है? राष्ट्रियकृत बैंकों की शाखाओं में अंग्रेजी का खेल समाप्त करने की दिशा में सख्त कदम उठाने की जरूरत है। वही बारहाबडा निवासी सदन सोनी का मानना है कि हिन्दी हमारी मातृभाषा है। यह आम बोल चाल की सहज में समझ में आने वाली भाषा है। लेकिन बिडम्बना की बात है कि अनेक शासकीय विभागों, बैक शाखाओं में अभी तक अंग्रेजी भाषा में लिखित अनुबंध पत्र भरवाये जाते है, ये एग्रीमेन्ट फार्म बिना समझे उपभोक्ताओं का इन पर हस्ताक्षर करने से कई समस्याआएं पैदा हो रही है और एक तरह से राष्ट्रभाषा भी अपमानित हो रही है। वही ग्राम भौरझिर निवासी चौधरी राजकुमार कौरव का कहना है कि वर्तमान में काफी हद तक मा.न्यायालयों, रेल विभाग में हिन्दी का प्रयोग होने लगा है। किन्तु इसके बावजूद बैको सहित अनेक निजी कंपनियों जो लोगों को एग्रीमेन्ट कराकर सामन उपलब्ध कराने के साथ साथ धन भी देती है, वह अपना अंग्रेजी को अपने दामन से लगायी बैठी है, जो अपना अंग्रेजी भाषा के माध्यम से कौन से एग्रीमेन्ट ले लेती है उसका उपभोक्ता को पता नही रहता है और वह उस पर अपनी सहमती का ठप्पा लगा देता है। इसी प्रकार से नगर के नर्मदा कालोनी निवासी रजनीश कौरव का कहना है कि उपभोक्ताओं में ऋण लेने खासा लाभ देने वाली मशीने खरीदने की स्वाभाविक बैचेनी रहती है। इस हड़बड़ी के चलते कई कंपनियाँ अधिकतर उपभोक्ताओं से अंग्रेजी भाषा में लिखें अनुबंध पत्र भरवा लेती है, जिसके चलते बाद में देखने मिलता है कि इन एग्रीमेन्ट फार्मो पर उतावली में दस्तखत कर उपभोक्ताओं को पश्चयाताप की आग में तपना पड़ता है? बेतहर यही होगा कि सभी कंपनियाँ हिन्दी भाषा में अनुबंध पत्र प्रकाशित कर उपभोक्ताओं का विश्वास जीतने का प्रयास करें तभी हम हमारे देश में हिन्दी को सम्मानित कर पाने में सफल हो सकते है?

## खबर संक्षेप

### सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे बगैर नम्बर के वाहन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शासन के नियमों को ताक में रखकर धड़ल्ले से नवयुवक वाहनो को बेखौफ होकर चलाते देखे जा रहे है। उल्लेखनीय है कि शहर की सड़को तथा गलियों में लहराते हुए नवयुक दुपहियो वाहन लेकर फर्राटे भर रहे हैं और यातायात नियमों का सरेआम उल्लंघन घर रहे है। वाहनों से नम्बर प्लेंटो को तरह तरह से सजाना वाहन मालिको विशेषकर युवा वाहनचालकों का शौक बन गया है, वही कुछ अपने वाहन में नंबर लिखवाना शान के विरूद्ध समझतें है, ऐसे वाहन अगर कोई दुर्घटना करते है तो उनकी तलाश पुलिस के लिए एक समस्या बन जाती है। संबंधित विभाग द्वारा चौराहों में खड़े होकर की जाने वाली चालानी कार्रवाई के दौरान नम्बर विहीन वाहनोचालको को नम्बर दर्ज कराने की हिदायत देकर चालानी कार्रवाई की जाती है, लेकिन बाद में कभी ये देखने की जरूरत महसूस नहीं करते कि वाहनों में नम्बर दर्ज है या नही? वाहनो की प्लेंटो पर प्रेस, डॉक्टर का चिन्ह बनवाना अब पुराना फैशन हो गया है। शहर में दर्जनों ऐसे वाहन खुलेआम सड़को पर दौड़ते रहते है, यदि इस प्रकार के वाहन कोई दुर्घटना करते हैं या फिर उनका उपयोग किसी अपराध में किया जाता है तो यह पता करना काफी मुश्किल हो जाता है कि वाहन है किसका है? अतः ऐसे वाहनो का भी सड़कों पर बेधड़क दौड़ना कम खतरनाक नहीं है। हमेशा कोई दुर्घटना हो या ऐसी वारदात जिसमें वाहन का प्रयोग किया गया हों, के होने पर पुलिस के पास वाहन का नम्बर ऐसा अहम सुराग रहता है जिसके माध्यम से वह घटना दुर्घटना का शिकार बनने का, बनाने वाले का पता लगा सकती है, पर अगर वाहन मे नम्बर ही नही है तो सिर्फ गाड़ी के मॉडल या रंग के आधार पर कुछ भी पता हो पाना असंभव सा रहता है, जिस प्रकार से क्षेत्र में बढ़ रही अपराधिक घटनाओं को ध्यान में रखते हुए वाहनों में नम्बर डलवाने के लिए जिला प्रशासन से अपेक्षित पहल आवश्यक है।

### सालीचौका रेलवे गेट बंद रहने के कारण अक्सर मरीजों को तड़पने के लिये होना पड़ता है मजबूर

**सालीचौका।** कहने के लिये तो सालीचौका को नगर पंचायत से बढ़कर नगर परिषद का दर्जा प्राप्त होने के साथ साथ यहां पर पुलिस चौकी के आलवा स्वास्थ्य केन्द्र व हायर सेकेण्डरी स्तर के स्कूल संचालित हो रहे है। वही सालीचौका में सप्ताह में दो दिन लगने वाला बाजार भी संपूर्ण क्षेत्र में प्रसिद्ध होने के आलवा यहां पर संचालित हो रही शुगर मिलो सहित राईस मिलों ने अपनी कार्य कुशला के चलते एक अलग ही उपलब्धि हासिल की गई है, जिसके चलते सालीचौका क्षेत्र में प्रतिदिन बाहर से हजारों की संख्या में लोगों का आना जाना लगा रहता है। मगर सालीचौका के विकास की गति में यहां पर लगा हुआ रेलवे गेट बाधक बनने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि यदि रेल सुविधाओं के नाम पर देखा जावे तो जहां रेल विभाग द्वारा सालीचौका क्षेत्रवासियों से छलावा करते हुये देखा जा रहा है, मगर क्षेत्रवासियों की झोली रेलवे गेट के कारण परेशानियों से जरूर लबालब भरने से नही चूक पा रही है? अक्सर देखा जाता है कि दिन में अनेक बार जब यह रेल्वे गेट बंद रहता है तो गेट के दोनों ओर जहां वाहनों की लम्बी हुई लाईने लगी देखी जाती है। वही अनेकों बार तो स्थिति इस प्रकार से निर्मित होते हुये देखी गई है कि जब कोई वाहन किसी गंभीर मरीज को लेकर जा रहा होता है उस दौरान काफी समय तक रेलवे गेट बंद रहने की स्थिति में मरीजों को तडपते हुये तक देखा जाता है, कुछ इसी प्रकार का हाल स्कूली छात्र छात्राओं का होता है जो रेल गेट बंद रहने की स्थिति में अपनी शिक्षण संस्थाओं को समय पर पहुंचने से बंचित हो जाते है? इस क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुये सालीचौका में ओवरब्रज निर्माण की आवश्यकता लम्बे समय से महसूस की जा रही है।

## फुटकर सब्जी मंडी के दुकानदारों ने सड़क पर लगने वाली दुकानों को विरोध करते हुये शुरू की हड़ताल




**गाडरवारा।** जब किसी भी कार्य व धंधे के लिये जगह निर्धारित करते हुये शासन द्वारा उसका लाखों रूपया लेकर वितरण करने के बाद उस जगह पर नियम के अनुसार व्यवस्थायों को नजर अंदाज किया जावे तो निश्चित तौर से दुकानदारों में विरोध पैदा होने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर के फुटकर सब्जी मंडी में देखने मिल रही है। जहां पर नगर पालिका द्वारा यहां पर सब्जी विक्रय करने वालों के लिये दुकानों का निर्माण करते हुये उनसे धरोहर राशि के रूप में लाखों रूपया जमा कराते हुये दुकाने उपलब्ध कराई गई है। मगर हाल यह बना हुआ है कि निर्धारित की गई फुटकर सब्जी मंडी के बार मुख्य मार्ग पर नियम विरूद्व सब्जी दुकाने लगने के चलते ग्राहक सब्जी मंडी तक पहुंचते ही नही है इस स्थिति में लाखों रूपया की लागत फसाकर बैठे हुये यह दुकानदार दिन भर ग्राहको का इंताजर करते हुये देखे जाते है। इसी के चलते बीते हुये दिवस स्थानीय शहर के इंदिरा कंपलेक्स के पास स्थित पुरानी सब्जी मंडी में सभी दुकानदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गये है। हड़ताल पर बैठे इन दुकानदारों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि हम दुकानदारों की मांग है कि शहर में फुटकर सब्जी दुकाने जो नियम विरूद्व सड़क पर लग रही है उन्हें बंद कराया जावे। जब नगर पालिका द्वारा हम लोगों के लिये दुकाने उपलब्ध कराते हुये सब्जी विक्रय करने के लिये जगह निर्धारित की गई तो फिर इस तरह सड़को पर सब्जी दुकाने लगाने वालों के खिलाफ कार्यवाही क्यो नही की जा रही है। इस तरह सड़को पर सब्जी दुकाने सजने के चलते मंडी के अंदर सभी दुकानदारों को बहुत नुकसान उठाना पड़ता है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर के पुराने बस स्टैंड से लेकर झंडा चौक, शिवालय चौक और अनेक स्थानों पर सड़क किनारे दुकाने सजाई जा रही है तथा अनेक लोगों द्वारा हाथ ठेले पर सब्जी दुकाने लगाये जाने के कारण ग्रहक सब्जी मंडी तक पहुंच ही नही पाते है। सब्जी मंडी के स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि नगर पालिका प्रशासन हम सभी दुकानदारों से टैक्स लेते हैं उसके बावजूद भी नगर पालिका प्रशासन बाहर लगने वाली दुकानों पर कार्यवाही नहीं कर रहा। जबकि सब्जी मंडी के के निर्माण कार्य प्रशासन ने लाखों रुपए खर्च किए हैं। मंडी के अंदर किसी भी तरह की कोई व्यवस्था नहीं है। हम सभी दुकानदार बाहर लगने वाली दुकानों से परेशान है। व्यापारियों से माल उधार लेकर अपनी जीविका चला रहे सभी दुकानदार नगर पालिका प्रशासन एवं शासन से मांग करते हैं कि हमारी प्रमुख मांगों को गंभीरता से लें। जिससे हमारे परिवारों को संकट का सामना न करना पड़े।

## स्कूल प्रबंधन व पेहरेदारों की अनदेखी का परिणाम, कम उम्र के नाबालिग किशोर किशोरिया धड़ल्ले से बाइक चलाते हुये पहुंच रहे शिक्षण संस्थाओं में...



**गाडरवारा।** शहर में बढ़ती वाहनों की संख्या और तेज गति से वाहनों का सड़कों पर दोड़ना वैसें ही दुर्घटनाओं का आमंत्रण देते दिखाई दे रहा है? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर की सड़कों पर जिस प्रकार से नाबांलिग किशोरों को दो पहिया वाहन दौड़ाते हुए देखा जाता है उससे उनकी जान को तो खतरा बन ही रहा है साथ ही साथ दूसरों की जान को भी खतरा पैदा करते हुए देखे जा रहे है? जिसमे प्रमुख रूप से देखा जावे तो स्कूली बच्चों का दो पहिया वाहन चलाना दूसरो के लिए खतरा बना हुआ है। क्योंकि इस समय नगर में देखा जावे तो अनेक जगहों अनेक स्कूलों 12 वर्ष सें लेकर 18 वर्ष से कम आयु वालें सैकड़ों किशोर व किशारियाँ वाहन चलाते दिखाई देना आम बात बन चुकी है। इसे अभिभावक का बच्चों के प्रति लगाव कहे या भौतिकवाद की दौड़ में दिखावा जो बिना लाईसेंस के वाहन चला रहे कम उम्र के बालक बालिका नासमझी में हादसें का शिकार हो सकते है साथ ही साथ इनकी नादानी से दूसरों की जिन्दगी भी खतरे में पड़ने से नही चूक रही है...? आगे निकलनें की होड़- स्कूली विद्यार्थी स्कूल आते जाते समय एक दूसरें से आगे निकलने के लिए रेस लगाते हुये तो देखे ही जाते है। साथ ही बाइक की गति और सड़को पर अनोखे करतबो का प्रदर्शन भी भीड़ भरी सड़को पर रोजना करते हुए आसानी से देखे जाते है। जबकि गौर किया जावे तो इनके अभिभावको से लेकर स्कूल प्रबंधन भी इन खतरों सें भलि भांति जानते है? लेकिन भौतिक संसाधनों कें उपयोग और थोड़ी सी लापरवाही को जानकर भी अनजान बनें हुए है। स्कूल लगने व छूटने के समय नगर की सड़कों पर देखा जावे तो स्कूली ड्रेस के साथ कई किशोर व किशोरियाँ जिनकी उम्र की बात तो दूर जिस वाहन पर वह बैठे हुए होते है उनका बाइक व स्कूटी के ब्रेकों तक पैर तक नही पहुंच पाते मगर इसके बाद भी उसे नगर की सड़कों पर फर्राटे मारते हुये आसानी से देखा जा सकता है। इतना ही नही यह लोग नगर के प्रमुख मार्गो पर हार्न बजातें हुए और तेज गति से वाहन दौड़ातें हुए रोजाना देखे जा सकते है। कई मौको पर तो ये किसी दुर्घटना का शिकार होते हाते बच जाते है? मगर इस ओर न तो प्रशासन ध्यान दे रहा है और नही उनके अभिभावक जिसके चलते वाहन दौड़ाने वाले बच्चों के साथ साथ दूसरों की जिन्दगी के लिए भी खतरा पैदा होते हुए जान पड़ रहा है..? यह बात अलग है कि जब उच्च स्तर से आदेश आते है तो नगर का प्रशासन बच्चों को समझाईश देने के लिये स्कूलों में पहुंचकर 18 साल से कम उम्र वाले बच्चों को वाहन न चलाने की हितायत देते हुये जरूरी सुना जाता है। मगर अधिकारियों द्वारा किये जाने वाली यह जागरूकता मात्र औपचारिकता पूर्ण होने के साथ साथ अपने वरिष्ठ अधिकारियों को फोटो भेजने तक ही सीमित होने रहने से नही चूक पाती है? इसी का परिणाम में की नगर की शिक्षण संस्थाओं में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चें खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुये स्कूलों में वाहन लेकर पहुंचते हुये देखे जा रहे है। जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुये समय में अनेकों पर जब जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर के पुलिस थाने में जनता के बीच संवाद कार्यक्रमों का आयोजन आयोजित किये गये उस दौरान इस तरह नाबांलिग किशोर व किशोरियों द्वारा वाहनों से स्कूल जाने की बात का मुद्दा प्रमुखता से सामने रखे जाने पर अधिकारियों को यह भरोसा दिलाते हुये जरूर सुना जाता रहा है कि अब यदि इस तरह जिन स्कूलों में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे बाइक या स्कूटी चलाते हुये स्कूल जाते हुये दिखाई देते है तो शिक्षण संस्था प्रबंधन बच्चों के अभिभावक जिनके द्वारा अपने नाबांलिग बच्चों के हाथों में इस तरह वाहन सौपते हुये बच्चों के साथ साथ दूसरों की जिन्दगी को खतरा पैदा कर रहे है उनके खिलाफ कार्यवाही की जावेगी। पुलिस अधिकारियों का यह भरोसा मात्र बैठकों तक ही सीमित रहने का परिणाम है कि आज तक न तो इस तरह सड़को पर वाहन चलाने वाले किसी नाबांलिग किशोर व किशोरियों तथा संबंधित शिक्षण संस्था के साथ उनके अभिभावकों के खिलाफ किसी तरह की कार्यवाही न होने के चलते इस तरह नगर में खुलेआम हाई फाई संस्थाओं के नाबांलिग छात्र छात्राओं को शहर की सड़को पर अपनी स्कूली ड्रेस के साथ धडल्ले से वाहन दौडाते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है? इस सच्चाई को देखकर लोग हैरत में तो उस समय पड़ने से नही चूक पाते है जब इस तरह कम उम्र के नाबांलिग किशोर व किशोरी ठीक पुलिस थाने के समाने जिम्मेदार अधिकारियों की आंखों के सामने से ही अपने दो पहिया वाहनों को फर्राटे के साथ निकलते हुये देखे जाते है। इस सच्चाई को लेकर जब आमजन से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि यदि नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार लाना है तो पुलिस प्रशासन द्वारा सबसे पहले तो उन स्कूलों के खिलाफ कार्यवाही करना चाहिये जिन स्कूलों में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे दो पहिया वाहन लेकर स्कूल पहुंच रहे है। क्योंकि इस तरह 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चें जब दो पहिया वाहन चलाते हुये स्कूल जाते है तो वह स्कूली ड्रेस में होने के कारण उनकी पहचान आसानी से की जा सकती है। मगर स्कूल प्रबंधन व पेहरेदारों की उदासीनता के चलते नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार होने की जगह बदहाल होते हुये देखा जा रहा है।

## मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित, अधिवक्तागण रहे मौजूद



**गाडरवारा।** माननीय म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष महोदय, कमल जोशी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा द्वारा बीते हुये दिवस अभिभाषक संघ गाडरवारा के हॉल में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन माननीय द्वितीय जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष महोदय तहसील विधिक सेवा समिति डा.श्रीमति अंजली पारे, एवं मा.सूरज सिंह राठौड चतुर्थ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गाडरवारा की उपस्थिति में आयोजित हुआ। बताया जाता है कि उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष द्वारा मध्यस्थता के माध्यम से मामलों का निराकरण होने से मिलने वाले लाभो पर प्रकाश डालने के साथ ही अधिवक्ताओं से मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का निराकरण करने विशेषकर पारिवारिक मामलों में विशेष रूचि लेकर पक्षकारों के हित में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया । इस दौरान उन्होने कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से विखरे हुये परिवारों का मिलन कराने से न केवल न्यायिक बल्कि सामाजिक उदेश्यों की पूर्ति होती है। इसी क्रम में मा.सूरज राठौड न्यायाधीश द्वारा रामायण काल एवं महाभारत काल का उदाहरण देकर मध्यस्थता प्रक्रिया को विस्तार से समझाते हुये उन्होने बताया कि मीडिएशन के माध्यम से विभिन्न प्रकार के आपसी विवाद बातचीत के द्वारा सुलह समझौते से निराकृत किए जा सकते है। व्यावसायिक वादों में भी मध्यस्थता के माध्यम से वादो का निष्पादन सुगमता से किया जा सकता है। इस दौरान लोगो को सलाह दी कि इस प्रकार के वाद यदि न्यायालय में लंबित है तो मिल बैठकर दोनो पक्ष सुलह का रास्ता तय कर सकते है मध्यस्थता में किसी भी पक्ष की हार नही होती और कोर्ट कचहरी के झंझट से मुक्ति मिल जाती है। उक्त कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता संघ के सचिव बसंत तपा एवं आभार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष डा.दिनेश चंद्र बुधौलिया द्वारा किया गया उक्त कार्यक्रम एवं बैठक में अभिभाषक संघ गाडरवारा से गोपाल मेहरा उपाध्यक्ष, के के बज्ज, सर्वेश बुधौलिया, नितन साहू, संतोष विश्वकर्मा, प्रशांत अग्रवाल (प्रशिक्षित मध्यस्थ), राजेन्द्र सिंह (प्रशिक्षित मध्यस्थ), महेन्द्र कुमार त्रिपाठी (प्रशिक्षित मध्यस्थ), अहमद खां, राजकुमार जैन, एवं अन्य अधिवक्तागण मौजूद थें।

## स्कूलों में एफएलएन मेलों का आयोजन आज से

**गाडरवारा।** क्षेत्रीय शासकीय स्कूलों मे आज 11 जनवरी दिन शनिवार को कक्षा पहली एवं दूसरी के बच्चों के लिए एफएलएन मेलों का आयोजन किया जायेगा। मेलों मे विभिन्न स्टालों के अंतर्गत पंजीयन, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी, बच्चों का कोना इत्यादि के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों यथा संतुलन, हाथ के कार्य, निशाना लगाना, चित्र वाचन, पढ़ना, गिनना, अंक पहचान, बढ़ते क्रम में, जोड़ घटाव, हाथों का समन्वय, सामाजिक व भावनात्मक विकास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। विदित हो कि मेलों के आयोजन को लेकर जनशिक्षा केंद्र स्तर पर शिक्षकों का प्रशिक्षण पहले ही हो चुका है।

## ब्लाक शिक्षा अधिकारी सहित संकुल प्राचार्य से छात्राओं को किया सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शुक्रवार को समीपी ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में ब्लाक शिक्षा अधिकारी सांईखेड़ा प्रतुल इंदुरख्या एवं संकुल प्राचार्य एस के मिश्रा ने जिला स्तरीय विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं पर्यावरण प्रदर्शनी मे सहभागिता कर चुकी 8 वीं कक्षा की छात्राओं में साधना केवट एवं रश्मि केवट को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। विदित हो कि साधना केवट ने प्रदर्शनी की सेमिनार विधा मे बाजरा के महत्तव पर अपने विचार प्रस्तुत किये थे एवं रश्मि केवट ने पर्यावरण गीत मे आगड दम बागड़ दम की तर्ज पर पौधे लगाने का संदेश दिया था। इस अवसर पर बीईओ एवं संकुल प्राचार्य ने दोनों छात्राओ से चर्चा कर उनके अनुभव जाने एवं उनसे कहा कि विद्यार्थियों को सदैव प्रतियोगिताओ मे सहभागिता करते रहना चाहिए क्योंकि बाहर जाकर सीखने को मिलता है। इस दौरान उन्होंने सभी बच्चों से वार्षिक परीक्षा की तैयारी मे जुटने की बात भी कही। इस अवसर पर जनशिक्षक बनवारी लाल नागवंशी, अपसार खान,सत्यप्रकाश ढिमोले, लिपिक अमित पटैल, प्रधान पाठक दशरथ प्रसाद जाटव, राजेश सिँह कौरव, मधुसूदन पटैल, सुरेश चौहान, विवेक नाईक, देवेंद्र ठाकुर, किरण लता ठाकुर, रानू यादव, फूलवती केवट एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

न्यायालय, श्रीमान, व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ट खण्ड गाडरवारा
(अश्विन परमार)
श्रीमति गीता धानक बगैरह.......... आवेदकगण
बनाम
श्रीमति सवीता धानक बगैरह........ अनावेदकगण
पी.टी. आई. 04/2025
आर सी.एस.ए. क्रमांक - 13/2024
पेशी दिनांक 10/02/2025
आम जनता को सूचना बावत्
इस न्यायालय में श्रीमति गीता धानक पत्नि स्व. श्री दीनदयाल धानक निवासी गर्धा तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म.प्र) बगैरह ने स्व. श्री दीनदयाल धानक की जमा राशि 2,50,000/- रुपए अंकन दो लाख पचास हजार रुपए जो भारतीय जीवन बीमा निगम में जमा थी उसे उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र पाने हेतु वाद प्रस्तुत किया है जिसका आर सी.एस.ए. क्रमांक- 13/2024 है। उक्त वाद की सुनवाई दिनांक 10/02/2025 को नियत है। यदि कोई भी व्यक्ति उक्त वाद प्रकरण में अपना पक्ष रखना चाहता है तो वह उक्त सुनवाई दिनांक में पूर्वाहन 11.00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है।
यदि पेशी दिनांक 10/02/2025 को पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है अथवा शासकीय अवकाश घोषित होता है तो उक्त प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस पर होगी।
आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया है।
गाडरवारा
दिनांक- 09/01/2025
शील
(अश्विन परमार)
प्रथम सिविल न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश
गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म.प्र)

## अयोध्या मंदिर की वर्षगांठ पर आज होंगे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम



**गाडरवारा।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र अयोध्या में 500 वर्ष के संघर्ष के बाद स्थापित श्री रामलला के भव्य मंदिर की प्रथम वर्षगांठ को लेकर नगर के राजीव वार्ड, एमपीईबी कॉलोनी के रहवासियों ने बड़ी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। जिसके अंतर्गत कॉलोनी स्थित श्रीदेव हनुमान मंदिर में बीते हुये 10 जनवरी से जारी अखंड रामायण का पाठ आज संपन्न होगा। वही आज 11 जनवरी रामायण पाठ समापन, यज्ञ, हवन होने के बाद दोपहर दो बजे मंदिर प्रांगण से रामलला की भव्य शोभायात्रा मुख्यमार्ग से निकाली जाएगी, जिसमें रामदरबार की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। वहीं इसके पहले प्रातःकालीन बेला में रामधुन के साथ निकलने वाली प्रभात फेरी के भी एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रातःबेला में ही श्री शिव गायत्री मंदिर में प्रभाती के नियमित भक्तों का भी सम्मान किया जाएगा एवं रात्रि सात बजे से मंदिर प्रांगण में संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन होगा। आयोजक मंडल ने शोभायात्रा सहित सभी कार्यक्रमों में मातृशक्ति सहित सभी बंधुओं से उपस्थित की जताते हुये कहा कि पुण्य लाभ लेने एवं श्री राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र अयोध्या में श्री रामलला की स्थापना को अपने मन में संजोए रखने का निवेदन किया है।

## पंचायतों के विकास कार्यों के नाम शासन को लग रहा चूना, अधिकारियों को मिल रहा प्रभावशाली वरिष्ठों का संरक्षण?

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जिस प्रकार से सरकार द्वारा गांवों की सूरत बदलने के लिए पंचायती राज व्यवस्था लागू करके इसकी सफलता के लगातार प्रयास तो किये जा रहे है, मगर पंचायतों का विकास सिर्फ कागजों तक ही सीमित होते हुए दिखाई देने के साथ उनका कार्यकाल समाप्ति की ओर पहुंचते हुये दिखाई देने लगा है? जब ग्रामीण अंचलों की की ओर रूख किया जाता हो तो पंचायती राज के विकास कार्यो को पोल अपने आप की खुलते हुए दिखाई देने लगती है? क्योंकि पंचातयों में हुये विकास कार्य उसी सरपंच के कार्यकाल को पूरा नही हो पाने के पहले ही अपने गुणवत्ता की सच्चाई बताते हुए टूटते हुए दिखाई देने से नही चूक रहा है? यदि पंचायतों में शासन द्वारा विकास के नाम पर खर्च की जाने वाली राशि की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक पंचायत जहां धन राशि के आभाव से जूझ रही है तो अनेक पंचायत इस प्रकार की भी देखी जा रहा है जिनमें में प्रभावशाली वरिष्ठ अधिकारियों की कृपा दृष्टि होने के चलते उन पंचायतों को अनाप शनाप राशि आवंटित हो जाती है और पंचायतों के प्रतिनिधियों द्वारा उस राशि से जिस प्रकार का विकास किया जाता है

## खबर संक्षेप

### संभागीय प्रतियोगिता में तुलसी महाविद्यालय के तीन विद्यार्थियों को मिली सफलता

**अनूपपुर।** शासकीय इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय शहडोल में 30 दिसम्बर से 6 जनवरी तक आयोजित संभागीय भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के तीन विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में अपना स्थान सुरक्षित किया है। संभाग स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में एमएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा मीनाक्षी पाण्डेय ने अपने ज्ञान, तार्किक क्षमता और प्रस्तुति कौशल का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र श्री संस्कार सोनी ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान तथा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में एमएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा मीनाक्षी पाण्डेय ने प्रथम स्थान तथा बी.ए. तृतीय वर्ष के विद्यार्थी प्रियांशु अग्रवाल ने स्थान प्राप्त कर सामूहिक रूप से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन की उपलब्धि अर्जित की है। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सक्सेना ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी विद्यार्थी शहडोल संभाग का नाम गौरवान्वित करेंगे।

### मेंटेनेंस कार्य के कारण विभिन्न फीडरों में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनूपपुर।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमि. अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता ने बताया है कि अमरकंटक में आने वाले समस्त 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, 33 केव्ही लाइन, 11 के.व्ही. लाइन एवं ट्रांसफॉर्मरों के मेंटिनेंस का कार्य किया जाएगा। उक्त कार्य के प्रभावी रूप से सम्पादन हेतु 11 केव्ही जालेश्वर फीडर की विद्युत आपूर्ति 11 जनवरी को, 33 केव्ही पेन्ड्रा फीडर की विद्युत आपूर्ति 15 जनवरी को, 33 केव्ही करंजिया फीडर की विद्युत आपूर्ति 16 जनवरी को, 33 के.व्ही. राजेन्द्रग्राम से अमरकंटक फीडर की विद्युत आपूर्ति 17 जनवरी को तथा 33 के.व्ही. डी.ओ.सी.एम. चचाई फीडर की विद्युत आपूर्ति 18 जनवरी को प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक अवरुद्ध रहेगी। कार्य के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहने की समयावधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

### 26 जनवरी की संध्या पर आयोजित होगा भारत पर्व

**अनूपपुर।** 26 जनवरी के अवसर पर सांध्यकालीन लोकतंत्र का लोक उत्सव भारत पर्व जिला मुख्यालय पर आयोजित किया जाएगा। भारत पर्व कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए वही गणतंत्र दिवस के एक दिवस पूर्व से ही समस्त शासकीय कार्यालयों में रोशनी की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये गए हैं।

### जिला पंचायत स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति की बैठक संपन्न

**अनूपपुर।** जिला पंचायत स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति की बैठक जिला पंचायत सभागार में सभापति भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में समिति की सदस्य श्रीमती भुवनेश्वरी सिंह, राम जी रिंकू मिश्रा, श्रीमती किरण चौधरी तथा सदस्य सचिव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के वर्मा सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एच एस धुर्वे, महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक श्रीमती मंजूषा शर्मा सहित प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी तथा परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास उपस्थित थे। बैठक में सभापति भूपेंद्र सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी में पदस्थ एक चिकित्सक के द्वारा मरीजों को परेशान करने संबंधी समस्या उठाई गई जिस पर सीएमएचओ ने कार्यवाही का आश्वासन दिया बैठक में सदस्य श्रीमती भुवनेश्वरी सिंह ने पुष्पराजगढ़ ब्लॉक के ग्राम कोयलारी में पदस्थ महिला चिकित्सक की सेवाएं सप्ताह के सोमवार, गुरुवार को सुनिश्चित करने की बात कही गई।

# करंजिया जनपद अध्यक्ष चरण सिंह धुर्वे को कलेक्टर ने किया जिला बदर

## लगातार अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने के चलते जिला प्रशासन की कार्रवाई

डिंडौरी



जिला दण्डाधिकारी डिण्डौरी ने पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर अनावेदक चरणसिंह धुर्वे पिता बुद्धसेन धुर्वे उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम तरेरा थाना करंजिया के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा एवं लोक व्यवस्था अधिनियम अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) एवं (ग) के उप नियम (ख) और 6 एवं 7 के अंतर्गत जिला डिंडोरी सहित समीपवर्ती राजस्व जिला मंडला, जबलपुर, उमरिया, अनूपपुर, शहडोल एवं छत्तीसगढ़ राज्य के जिला जीपीएम अर्थात गौरेला, पेंड्रा, मरवाही जिले की चतुर्दिक राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर की कार्यवाही की है। उक्त आदेश में अनावेदक द्वारा अपराध जगत में प्रवेश कर लगातार आम जनता व अधिकारी कर्मचारियों को भयभीत करना, शासकीय कार्यालय में घुस कर गाली गलौच करना उल्लेखित है। साथ ही यह भी लेख किया गया है कि अनावेदक के विरूद्ध प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर प्रतिबंधात्मक एवं समय समय पर वैधानिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है, परन्तु अनावेदक की गतिविधियों में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हुआ है।

पुलिस अधीक्षक डिंडोरी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में थाना प्रभारी करंजिया का पत्र संलग्न है जिसमें आने निवेदक के विरुद्ध विगत अनेक वर्षों में लगातार अपराधिक गतिविधियों के संदर्भ में प्रकरण दर्ज किए गए हैं। अनावेदक चरणसिंह धुर्वे पिता बुद्धसेन धुर्वे उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम तरेरा थाना करंजिया के विरूद्ध उक्त कार्यवाही की गई है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डिंडौरी के आदेश में उल्लेखित नियमों में आदेश का उल्लंघन करने पर अनावेदक के विरुद्ध अधिनियम की धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। उपरोक्त आदेश कलेक्टर द्वारा आज पारित किया गया है।

# मासूम बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा



## सुलभ काम्पलेक्स में शौच करने गई नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने 20 वर्ष कठोर कारावास की सुनाई सजा

डिंडौरी

मीडिया सेल प्रभारी एवं अभियोजन अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि, थाना डिण्डौरी के अप0क्र0 698.2023 सत्र प्रकरण क्रमांक 24.2022 के आरोपी प्रमोद कुमार पिता लक्ष्मण उम्र 24 वर्ष वर्तमान पता अवधिया लाज के सामने सुलभ काम्पलेक्स डिण्डौरी को सुलभ काम्पलेक्स में शौच करने गई नाबालिग बालिका के साथ बलात्संग करने के मामले में न्यायालय श्री कमलेश कुमार सोनी, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट डिण्डौरी द्वारा आरोपी को धारा 342 भादवि के अपराध के लिए 06 माह कठोर कारावास एवं 1000- का अर्थदण्ड, धारा 324 भादवि के अपराध के लिए 01 वर्ष कठोर कारावास एवं 1000- का अर्थदण्ड, धारा 376।ठ भादवि के अपराध के लिए 20 वर्ष कठोर कारावास एवं 9000- का अर्थदण्ड एव धारा 5(उ)6 पॉक्सो एक्ट के अपराध के लिए 20 वर्ष कठोर कारावास एवं 9000- का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर क्रमश धाराओं में 01 माह, 01 माह, 02 माह, 02 माह अतिरिक्त कठोर कारावास भुगताये जाने के आदेश पारित किये गये। अभियोजन की ओर से मनोज कुमार वर्मा, विशेष लोक अभियोजक द्वारा प्रकरण का सशक्त संचालन किया गया ।

# मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**डिंडौरी ।** जनमन अभियान के तहत जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से मोबाइल मेडिकल यूनिट की सुविधा दी गई है। यूनिट में 6 सदस्यीय चिकित्सा दल जिसमें चिकित्सक, स्टाफनर्स, एएनएम, फिजियोथेरेपिस्ट, लैब टेक्निशन, और चालक शामिल है। यूनिट आदिवासी बस्तियों में पहुंचकर निःशुल्क इलाज उपलब्ध करायगी। मोबाइल मेडिकल यूनिट निर्धारित लोकेशन एवं ब्लॉकवार सूची के अनुसार संचालित की जा रही है। आवश्यकतानुसार जिला स्वास्थ्य समिति की अनुमति से लोकेशन में संशोधन किया जा सकता है। मेडिकल मोबाईल यूनिट के संचालन के लिए पी.वी.टी.जी ग्रामों में भ्रमण हेतु मासिक रूट-चार्ट का निर्धारण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों द्वारा निर्धारित रुट-चार्ट अनुरूप एम.एम.यू. संचालन की सुदृढ़ निगरानी की जाएगी। समस्त एम.एम.यू. जी.पी. एस ट्रेकिंग सिस्टम से लैस है,जिससे दैनिक निगरानी आसानी से की जा सकेगी। इस अवसर विधायक ओमप्रकाश धुर्वे और कलेक्टर हर्ष सिंह ने यूनिट का अवलोकन कर दी जा रही व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, अध्यक्ष जनपद पंचायत डिंडौरी श्रीमती आशा सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कीर्ति गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र राजपूत, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका नायक, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, कृष्णकुमार मिश्रा, कृष्णा सिंह परमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमेश मरावी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से प्रशासन आपके द्वार तक निराकरण करने पहुंच रही

**डिंडौरी ।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जनशिविरों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में आज शुक्रवार को अमरपुर जनपद पंचायत के तहत ग्राम पंचायत खजरी, झिलमिला, सिधौली एवं जनपद पंचायत करंजिया के तहत ग्राम पंचायत बुंदेला, पाटन, रूसा, चंदना, गोरखपुर में शिविरों का आयोजन किया गया।



अमरपुर क्लस्टर में आयोजित जनशिविर शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आथित्य में संपन्न हुए। विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ने ग्राम पंचायत झिलमिला के पथरिया ग्राम में 15वें वित्त के तहत सीसी रोड कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन आपके द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंच रही है। ग्राम पंचायत खजरीमाल में 15वें वित्त के तहत स्नानघाट का भूमिपूजन किया। विधायक श्री धुर्वे ने ग्राम पंचायत भाखामाल में खरमेर नदी पर घाट निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने इस अवसर पर वृद्धा पेंशन, मातृत्व वंदना योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, सम्बल कार्ड, प्रसूति सहायता आदि योजनाओं के सम्बन्ध में ग्रामीणों से चर्चा की और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर में 10 जनवरी तक प्राप्त हुए कुल 20269 आवेदन मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत प्रशासन गाँव की ओर की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से जिले में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले की सभी ग्राम पंचायतों सहित नगर परिषद क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले में अभियान के तहत 392 शिविर आयोजित होने है, जोकि प्रतिदिन जनप्रतिनिधि और अधिकारीगणों के द्वारा संपन्न कराए जा रहे है। जनशिविर के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं के निराकरण और राज्य व केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 जनवरी तक जिले के सभी सात विकासखंडों और दो नगर परिषद से कुल 20269 आवेदन शिविरों के माध्यम से प्राप्त किये जा चुके है। जिनमें से 17714 आवेदन स्वीकार किये गए है। डिंडोरी शहरी क्षेत्र में आयोजित शिविरों में कुल 785 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 760 आवेदन स्वीकृत किये गए। इसी प्रकार डिंडोरी ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 1575 आवेदन में से 1321, शहपुरा ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 3213 आवेदन में से 2983, समनापुर में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 2349 आवेदन में से 2019, बजाग में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 2341 आवेदन में से 1905 , मेहंदवानी में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 2464 आवेदन में से 1834, अमरपुर में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 6376 आवेदन में से 6285,करंजिया में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 1013 आवेदन में से 553 आवेदनों को स्वीकार किया गया। शेष लंबित आवेदनों पर आवश्यक निराकरण की कार्यवाही की जा रही है।



# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई जिला शांति समिति की बैठक

डिंडौरी । कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता में आज शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। उक्त बैठक में सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र राजपूत, अशोक अवधिया, प्रभात जैन, रजनीश राय, कृष्णा सिंह परमार, कृष्ण कुमार मिश्रा, महेन्द्र कुमार, , प्रवीण अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत श अनिल कुमार राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, संयुक्त कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन सहित जिला शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

जिला शांति समिति की बैठक में आगामी मकर संक्रांति एवं नर्मदा जन्मोत्सव की तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें समिति के सदस्यों के द्वारा आयोजन के लिए विभिन्न सुझाव दिये गए। समिति की सर्व सहमति से त्यौहारों के आयोजन को हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्वक मनाने के लिए विभिन्न मुद्दों पर सहमति बनीं। जिसमें घाटों की सफाई के संबंध में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि घाटों पर साफ-सफाई, डस्टबिन की व्यवस्था करें। घाटों की पुताई बेहतर तरीके से कर सौंदर्यीकरण करें। समिति के द्वारा डेम घाट से खण्डित प्रतिमा को हटाने के सुझाव पर सर्व सहमति से प्रतिमा हटाने के लिए नगर परिषद को निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए रवर वोट, अग्निशमन यंत्र, अलाव, लाईट, पेयजल, आदि व्यवस्थाओं के लिए निर्देशित किया। मकर संक्रांति और नर्मदा जयंती के अवसर पर भंडारे की व्यवस्था की जाती है। कलेक्टर श्री सिंह ने भण्डारों में प्लास्टिक एवं डिस्पोजल के स्थान पर दोना-पत्तल से प्रसाद वितरण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भण्डारा वितरण स्थल पर डस्टबिन रखा जाए, जिससे कोई भी व्यक्ति दोना-पत्तल सड़कों में न फेकें। उन्होंने जिले में बढते ठंड को देखते हुए सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थानों पर अलाव जलाने का प्रबंध करने को कहा। भण्डारा आयोजकों के द्वारा प्लास्टिक का उपयोग करते पाये जाने पर संबंधितो के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। इसलिए सभी आयोजक यह सुनिश्चित करें कि भण्डारों में केवल दोना पत्तलों का ही उपयोग किया जाए। समिति द्वारा नगर में स्पीड ब्रेकर बनाने का सुझाव दिया गया, जिस पर संबंधित अधिकारियों को कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित किया।

# आज भी चूल्हे में पक रहा हैं मध्यान भोजन



अमरपुर। जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर क्षेत्रांतर्गत प्राथमिक शाला गंजरा संकुल केंद्र कमरासोढ़ा में रसोइयों द्वारा लकड़ी के चूल्हे में ही मध्यान भोजन पकाने का कार्य किया जा रहा हैं। जबकि शासन द्वारा सभी विद्यालय में गैस चूल्हे का प्रावधान किया गया। साथ ही आवंटन भी दिया गया होगा। फिर भी यह एक ऐसा प्राथमिक शाला हैं। जहां आज भी मध्यान भोजन बनाने में लकड़ी का उपयोग किया जा रहा हैं। रसोइयों के अनुसार जंगल से लकड़ी लाकर भोजन पकाने का कार्य कर रही हैं।

जिससे पूरे शाला परिसर में धुआं के साथ प्रदूषण भी फैल रहा हैं। जहां शायद अभी तक कोई नियंत्रणकर्ता या अधिकारी नहीं पहुंच पाए हैं। इसी वजह से इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया हैं। जबकि यह सुविधा शासन की प्राथमिकता में हैं। यह लापरवाही की वजह से शासन की प्राथमिकता एवं नियम निर्देशों का खुली अवहेलना ही कहा जा सकता हैं। जिस वजह से रसोइये जंगल से लकड़ी लाकर भोजन पकाने को मजबूर हैं। शाला में 25 बच्चों की उपस्थिति में सब्जी मात्र आधा किलो बनाई गई थी इसके साथ ही राहर की दाल जो बनाई गई थी वह भी ठीक से पकी नहीं थी। इस प्रकार का भोजन बच्चों को परोसा जा रहा हैं। जिससे कुपोषण से कैसे लड़ा जा सकता हैं।

### इनका कहना हैं:-

गैस एजेंसी में राशि जमा करने के बाद कोरोना आ जाने के कारण देर हो गई,एजेंसी वालों का कहना हैं कि जमा किए गए चेक का वेरिफिकेशन होने के बाद कनेक्शन दिया जाएगा।

**रविकांत डोंगरे**
**(शिक्षक)**

गैस कनेक्शन के लिए राशि 2018 में विद्यालय को दे दी गई थी फिर भी आज तक कनेक्शन नहीं कराया गया है तो ये गंभीर लापरवाही है, जांच करवा कर जल्द ही कार्यवाही की जायेगी।

**आनंद मौर्य**
(प्रभारी अधिकारी)



# पीएमश्री हायर सेकेण्डरी स्कूल मोहगांव सिधौली के बच्चों को सड़क सुरक्षा के संबंध में दी गई जानकारी

अमरपुर

जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर क्षेत्रांतर्गत पीएमश्री हायर सेकेंडरी स्कूल मोहगांव सिधौली में स्कूली छात्र-छात्राओं को पुलिस अधीक्षक डिंडौरी के पिता श्री महावीर सिंह रिटायर्ड आईएएस राजस्थान के द्वारा सड़क सुरक्षा के संबंध में तथा हेलमेट का उपयोग व हेलमेट न लगाने पर होने वाली क्षति से बचाव के संबंध में जानकारी के साथ ही रोड़ संकेत, नशामुक्ति आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में चौकी प्रभारी अमरपुर एएसआई अतुल हरदहा, प्राचार्य यशवंत कुमार मरावी, श्रीमती जगोतिन कुलेश, गिरीश परस्ते, चंद्रशेखर गौतम, सुभाष बछलहा, रामशरण हरदहा, डोमन आर्मो, चेतन लाल नागेश, तरुण नागेश, नीरज नागेश, श्रीमती रजनी मार्को आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र परिवारों के नाम आवास प्लस में जोड़े जाएंगे

**डिंडौरी ।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान कर आवास प्लस की सूची को अद्यतन किया जाना है। इस संबंध में योजना के तहत पात्र परिवारों की पहचान कर नवीन सर्वे आवास प्लस 2024 मोबाइल एप से सर्वे का कार्य पूरा किया जाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत लाभ से वंचित पात्र परिवारों के सर्वेक्षण हेतु जिले की समस्त 364 ग्राम पंचायत में सर्वेयर की रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही कर सर्वेयर ऑनलाईन पोर्टल पर दर्ज किये जा चुके हैं।

जिले के समस्त 364 ग्राम पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों के पोषक ग्रामों में आवास प्लस 2024 मोबाईल एप से सर्वे का कार्य प्रारंभ करने हेतु जिले में समस्त तैयारियां शासन के दिशा निर्देशानुसार पूर्ण कर ली गई हैं। इस हेतु आदेश जारी होते ही जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास के लाभ से वंचित पात्र परिवारों के नाम जोडने के लिए सर्वे कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जिले में नियुक्त समस्त 364 सर्वेयर के रजिस्ट्रेशन उपरांत आवास प्लस 2024 मोबाईल एप्लीकेशन का उपयोग करने के लिए ग्राम पंचायतों से मेपिंग की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। आवास प्लस 2024 सर्वेक्षण में सभी पात्र परिवारों का व्यापक रूप से जोडने हेतु मोबाइल एप्लीकेशन की सुविधा प्रदान की गई है। आवास प्लस 2024 सर्वेक्षण में पात्र हितग्राही मोबाईल एप्लीकेशन से फेस आधारित प्रमाणीकर का उपयोग करके अपना सर्वे स्वयं ही कर सकता है।

## 11 जनवरी से होगा जिला स्तरीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह के निर्देशन और नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम के मार्गदर्शन में 11 जनवरी से कलेक्ट्रेट खेल मैदान में जिला स्तरीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में आठ टीमें भाग लेंगी, टेनिस बॉल से आयोजित होने वाले क्रिकेट मैच में 10 ओवर निर्धारित किये गए हैं।

# म.प्र. लोक सेवाओं को समय-सीमा में प्रदाय नहीं करने पर 7 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**डिंडौरी ।** कलेक्टर हर्ष सिंह ने म.प्र. लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं को समय सीमा में प्रदाय नहीं किये जाने पर परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अयोध्या सिंह राठौर, नायब तहसीलदार भीमसेन पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमरपुर लोकेश नारनोरे, नाप तौल निरीक्षक एन.एस. कीर, नायब तहसीलदार पंकज नयन तिवारी, नायब तहसीलदार शशांक शेंडे और नायब तहसीलदार सुंदरलाल यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया। जारी नोटिस में उल्लेखित है कि म.प्र. लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 की धारा 4 के तहत पात्र (हितग्राही आवेदकों) को पदाविहित अधिकारी द्वारा निश्चित समय-सीमा में प्रदान किया जाना सुनिश्चित होता है। यदि पदाविहित अधिकारी निश्चित समय-सीमा के भीतर सेवाएं उपलब्ध नहीं कराते हैं, तो वे अधिनियम की धारा-7 के अंतर्गत दंड के भागीदार होते हैं।

अधिकारियों को नोटिस जारी कर 13 जनवरी 2024 तक समय-सीमा के बाह्य आवेदन का निराकरण तत्संबंध में जबाव प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है। अन्यथा की स्थिति में उक्त अधिकारियों के विरुद्ध अधिनियामानुसार प्रति दिवस प्रति आवेदन पत्र 250 - रूपए की दर से शास्ति अधिरोपित करने की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### मोटर साइकिल अनियंत्रित होने से महिला हुई घायल

**गोटेगांव।** थाना अंतर्गत ग्राम महगुवा निवासी महिला मोटरसाइकिल से गिरकर हुई घायल। विगत दिवस एक महिला राजकुमारी कुशवाहा पति देवी सिंह कुशवाहा के साथ बाइक पर बैठकर ग्राम महगुवा से बोहानी जा रही थी। तभी छिंदवाड़ा रोड़ ओवर ब्रिज के पास सड़क पर बने ब्रेकर से मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई जिससे महिला मोटरसाइकिल से नीचे गिरकर घायल हो गई। वहीं पति ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी जहां एंबुलेंस से महिला को जिला अस्पताल लाया गया जहां पर महिला का उपचार जारी है।

### ट्रैक्टर और ट्रक की भिड़ंत ट्रक चालक घायल

**गोटेगांव।** समीपवर्ती ग्राम गुदरई के पास एक 12 चक्का ट्रक को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे ट्रक ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया।विगत दिवस थाना मुगवानी के अंतर्गत ग्राम पसताना निवासी मनोज प्रजापति पिता बसंत प्रजापति उम्र 34 वर्ष ग्राम कुंडा के पास वेयरहाउस से नरसिंहपुर के लिए ट्रक में धान लेकर आ रहा था जिसको ग्राम गुदरई के पास सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। वही घायल को एंबुलेंस की मदद से गोटेगांव के निजी अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां जिला अस्पताल में घायल ड्राइवर का इलाज जारी है।

### प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना राशि न मिलने पर कलेक्टर को ज्ञापन दिया

**गोटेगांव।** तहसील के अंतर्गत ग्राम चंदपुरा का मामला है जहां एक युवक की पत्नी की मौत के बाद प्रधानमंत्री सुरक्षा सुरक्षा बीमा योजना की राशि नहीं मिलने पर परेशान होकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया।बीते दिवस ग्राम चंद्रपुरा निवासी शारदा प्रसाद वंशकार की पत्नी की कुछ समय पूर्व सड़क एक्सीडेंट में मौत हो गई थी।उन्होंने बताया कि यूनियन बैंक में पत्नी के नाम से खाता खुलवाया था जिसमें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के नाम से उनके खाते से 12 रुपए की राशि काटी जाती थी।वहीं पत्नी की मौत के बाद युवक बीमा की राशि लेने के लिए बैंक अधिकारियों को आवेदन दिया परंतु अधिकारियों ने कई चक्कर लगवाने के बाद भी बीमा की राशि नहीं दी। परेशान होकर युवक गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को राशि दिलवाने के लिए आवेदन दिया।

# मंत्री श्री पटेल ने विस्थापित परिवारजनों से की मुलाकात




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जिले के ग्राम केरपानी में एक करोड़ 59 हजार रुपये की लागत से बनने वाले नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का भूमिपूजन शुक्रवार को किया। यहां आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के पहले मंत्री श्री पटेल सहित अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधियों ने केरपानी में बुंदेला क्रांति के महानायक राजा हिरदे शाह, मदनपुर के राजा डेलन शाह, दीवान गजराज सिंह लोधी, मेहरबान सिंह लोधी, ढीलवार के राजा नरवर शाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

## निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

भूमिपूजन स्वास्थ्य केन्द्र के कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ देने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार पहुंच शहरी क्षेत्रों के साथ- साथ ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा रहा है। इसी कड़ी में केरपानी में नवीन स्वास्थ्य केन्द्र के बनने से क्षेत्र की बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य केन्द्र में महिला एवं पुरुष के अलग- अलग वार्ड होंगे। यहाँ चिकित्सकों और स्टाफ के लिये आवासीय क्वार्टर का भी निर्माण होगा। स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण पूरी गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जायेगा। लगभग डेढ़ साल की अवधि में भवन निर्माण कार्य पूर्ण होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, महंत प्रीतमपुरी, अन्य जनप्रतिनिधि, सीएमएचओ डॉ. एसएस ठाकुर, बीएमओ, स्वास्थ्य विभाग का अमला और ग्रामीणजन मौजूद थे।

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल रानी दुर्गावती (नौरादेही) अभ्यारण ग्राम पंचायत ढाना- झिलपनी में आयोजित वनवासी प्रकृति दर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए और विस्थापित परिवारजनों से मुलाकात की। उन्होंने यहां गांव के बुजुर्ग व्यक्तियों का पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया। मंत्री श्री पटेल व अन्य अतिथियों का आत्मीय भाव से बच्चियों ने स्वागत किया।

इस अवसर पर महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, रामनारायण सोनी, अंशुल नेमा, जिला पंचायत सदस्य, सरपंच, अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी- कर्मचारी और ग्रामवासी मौजूद थे। संवाद के दौरान मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आज दूरस्थ वनांचल स्थित ग्राम ढाना आने का मौका मिला है।झिलपनी में 292 परिवार एवं ढाना में 219 परिवार निवास कर रहे हैं। इन परिवारों का विस्थापन किया जाता है। उन्होंने कहा कि कोई भी निर्णय लेने से पहले आप सभी के बीच पहुंचकर आपकी राय जानने आया हूं। उन्होंने कहा कि विस्थापन नीति के अनुरूप विस्थापन पैकेज दिया जायेगा। विस्थापन का दंश बड़ा मुश्किल होता है। विस्थापन के पश्चात प्रभावित संबंधित परिवारों के लिए बेहतर सुविधायें मुहैया कराई जायेगी। इससे आप और आपका परिवार बेहतर जिंदगी जी सकेगा। मंत्री श्री पटेल ने पंचायत सचिव से प्रधानमंत्री आवास की जानकारी ली। सचिव ने बताया कि 435 लोगों को आवास स्वीकृत हुए हैं। मंत्री श्री पटेल ने ग्राम वासियों से कहा कि अमथनू या उमरिया में जहां आप स्थान तय करेंगे वहां पट्टे प्रदान कर आवास के लिए जगह मुहैया कराई जायेगी।





# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ कम्युनिटी लंच का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** उच्च शिक्षण संस्थान एम.आई.एम.टी. कॉलेज द्वारा सामाजिक समरसता एवं स्वामी विवेकानन्द जी के आदर्शों को आत्मसात करते हुए कम्युनिटी लंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वामी मानदानन्द जी महाराज सन्यासी रामकृष्ण मठ एवं मिशन रातीकरार, माता गीतांजलि देवी अध्यक्ष माँ शक्ति दरबार कठौतिया, डॉ. सुधीर सिंघई अध्यक्ष समन्वय परिवार नरसिंहपुर, फादर एंटो अचन, इंजी. रुद्रेश तिवारी चेयरमैन एम. आई. एम. टी. कालेज, रोटे. सुमित जयसवाल अध्यक्ष रोटरी क्लब एवं प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग के आतिथ्य में किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी मानदानन्द जी महाराज ने जीवन में सामाजिक समरसता एवं आत्मबल के महत्व की विस्तार से व्याख्या की। माता गीतांजलि देवी द्वारा एकाग्रता समन्वय, संस्कार के भावों को आत्मसात करने की बात कही। डॉ. सिंघई द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं में सामूहिक भोज जैसे कार्यक्रमों के आयोजनों से उत्कृष्ट समाज निर्माण पर जोर दिया। फादर एंटो अंचन ने कार्यक्रम को सामाजिक संस्कृति में समन्वय तथा समरसता निरूपित करने का बेहतर मंच बताया। चेयरमैन इंजी. रूद्रेश तिवारी ने कम्यूनिटी लन्च जैसे आयोजन को वर्तमान परिपेक्ष्य में समरसता का सशक्त माध्यम निरूपित किया। स्वागत भाषण देते हुए संस्था प्राचार्य डॉ. गर्ग द्वारा आयोजन की रूपरेखा एवं स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति महिमा सोनी एवं आर्या सोनी द्वारा दी गयी। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में अतिथियों के साथ सहभोज उपरान्त छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आराधना दुबे एवं आभार डॉ. दीपिका शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रोटे. प्रसून धोरेलिया, रोटे. संजय मानसाता, रोटे. मयंक मनोहर साहू, रोटे. मनीष जैन एन. सी. सी. अधिकारी लेफ्टि. जितेन्द्र कुमार मिश्रा, रासेयो अधिकारी अरविन्द कुशवाहा, गर्ल्स विंग प्रभारी माधुरी पटवा सहित समस्त स्टॉफ मेम्बर्स एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, एन. सी. सी. केडिट्स एवं रासेयो स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।

### महाराज श्री ने प्रदान की एंबुलेंस



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस द्वारकाशारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज श्री के द्वारा शंकराचार्य नेत्रालय को मरीजों के आवागमन हेतु एंबुलेंस प्रदान की गई। ग्रामीण आदिवासी अंचलों में निशुल्क नेत्र जांच शिविर के आयोजन हेतु नेत्रालय परिवार में एक नयी मारुति सुजुकी इको एंबुलेंस प्रदान की गई। जिसके माध्यम से मरीजों को अस्पताल लाने एवं राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशासनिक अनुमति से निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर के आयोजन के कार्य को और तीव्रता मिलेगी। ताकि शंकराचार्य नेत्रालय समाज को मोतियाबिंद मुक्त बनाने की पूज्य महाराज श्री जी के जनसेवा के आदेश एवं शासन की संकल्पना में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा।

### रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित एनएसएस एस एस छात्र एवं छात्र इकाई द्वारा प्राचार्य डॉक्टर आर. बी सिंह के निर्देशन में नशामुक्त भारत अभियान के तहत रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 60 स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को बताया गया। उक्त मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जी. एस. मर्सकोले श्रीमती प्रो. रीता रावत, श्रीमती कल्पना साहू, श्रीमती रजनी साहू, प्रो प्रीति कौरव, मीडिया प्रभारी श्रुति गुप्ता मौजूद थे रैली में नशा नाश की जड़ इन नारों के माध्यम से नगरवासियों से नशा न करने की अपील की। नशा के नुकसान और बुराईयों के विषय में बताकर जागरूक करने का प्रयास किया। विभिन्न गंभीर रोगों के बारे में बताया जिससे प्रेरित होकर लोग नशा करना छोड़ दें ।

# बच्चों को कराई प्रकृति की अनुभूति

**तेंदूखेड़ा।** हर साल की तरह मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड एवं वनविभाग के संयुक्त तत्वाधान में वनमण्डल परिक्षेत्र बरमान के जामुनपानी में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य स्तर पर इस वर्ष की थीम मैं भी बाघ हम हैं बदलाव रखा गया है। इसी के तहत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा के 126 छात्र-छात्राओं को जामुनपानी जंगल का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में प्रकृति पथ पर विद्यार्थियों को पक्षी दर्शन वन्यप्राणी स्थानीय वनस्पति की जानकारी दी गई। वनविभाग द्वारा कराये गये कार्यों से बच्चों को अवगत कराया गया। भोजन उपरान्त बच्चों का लघु वनोपज जड़ी-बूटियों मिशन लाईफ प्रो-प्लेनेट पीपल के संबंध में जागरूक किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं शपथ ग्रहण का आयोजन भी किया गया।कार्यक्रम में अनुभूति प्रेरक आर एस खरे वन परिक्षेत्र अधिकारी गौरव वानखेड़े परिक्षेत्र सहायक प्रभात कुमार पटेल वनपाल गोपाल प्रसाद पटेल विकास दुबे रामकुमार अवस्थी भूपेन्द्र ठाकुर गीतेश पटेल रूपनारायण पटेल नरेन्द्र ठाकुर संदीप कोष्ठी अंकित पवार शिक्षक शिक्षिकायें वन विभाग का स्टाफ प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।



# शिशु नगरी के तहत नन्हें मुन्ने भैया बहिनों ने दिखाई प्रतिभा



**तेंदूखेड़ा।** विद्या भारती महाकौशल प्रांत की योजना के अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु नगरी के तहत नन्हें मुन्ने भैया बहिनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ क्रीड़ा प्रतियोगिता तथा खेल खेल में सीखनें कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अपर्णा चौबे महिला पुलिस आरक्षक सुमन ठाकुर माधव ग्राम भारती के जिला समन्वयक गोविंद किरार कोषाध्यक्ष हीरेंद्र नायक विद्यालय की प्रबंध कार्यकारिणी से वसंत खैरोनिया राजू पाली नीरज राय पत्रकार सौरभ पांडे जीतेन्द्र रजक सहित अविभावक प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। सरस्वती पूजन वंदना के साथ कार्यक्रम की प्रस्तावना पर चर्चा करते हुए जिला समन्वयक गोविंद किरार ने सरस्वती शिशु मंदिर संपूर्ण देश में 24हजार विद्यालयों का संचालन करती है जिनमे विद्या भारती महाकौशल प्रांत की योजना से शिशु नगरी के कार्यक्रमों की जानकारी दी।नई शिक्षा नीति के अंतर्गत जो 12



आयाम तय किए गए हैं बच्चों को बिना बैग शिक्षा उपलब्ध कराना जैसी अनेक बातें इस योजना के अंतर्गत आती है शिशु नगरी योजना के अंतर्गत बच्चों के विकास के साथ-साथ बच्चों की माताएं को भी आमंत्रित किया गया एवं उनकी भी प्रतियोगिता विद्यालय स्तर पर कराई जा रही है। कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के बच्चे इस आयोजन का हिस्सा है।

### बच्चों के शैक्षणिक बौद्धिक विकास के साथ साथ खेल जरुरी

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य अपर्णा चौबे ने बताया कि बच्चों के शैक्षणिक बौद्धिक विकास के साथ-साथ उन्हें खेलकूद की गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए। 0 से 5 साल तक की आयु में बच्चों का पर्याप्त शारीरिक विकास होता है माताएं बच्चों की प्रथम गुरु होती हैं उन्हें चाहिए कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दें । शासन के द्वारा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विभिन्न प्रयोग किया जा रहा है। आगामी समय में सकारात्मक परिणाम समाज को देंगे जिसके अंतर्गत छोटे बच्चों को बगैर बेग की शिक्षा भी को भी जोड़ा गया है जो वर्तमान में सुनने को तो थोड़ा अजीब सा लगता है किंतु आगामी समय में नई शिक्षा नीति के माध्यम समाज में परिवर्तन आएगा। पुलिस की ओर से उपस्थित रही आरक्षक सुमन के द्वारा भी बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक बातें बताई गई। खेलकूद के माध्यम से भी कैसे शिक्षा पर जोर दिया जा सके इस इस विषय पर उनके द्वारा विचार रखें गए विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश किरार द्वारा आगंतुक अतिथियों का स्वागत मातृशक्ति का स्वागत आचार्य दीदी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक नृत्य दौड़ आदि गतिविधियां का आयोजन हुआ नई शिक्षा नीति के अंतर्गत जो 12 विषय तय किए गए उनके प्रदर्शनी आयोजित की गई आगंतुक अतिथियों के द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन छोटे बच्चों के द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की गई। संस्था के प्रधानाचार्य कमलेश किरार द्वारा शैक्षणिक कैलेंडर प्रदान कर उनका आभार व्यक्त किया गया।

## जनजाति क्षेत्र की शिक्षा के चलाया जाएगा अभियान

**तेंदूखेड़ा।** विद्या भारती महाकौशल प्रांत चार प्रकार की शिक्षा अपने प्रांत में चलाता है। इसमें दो प्रकार की शिक्षा प्रणाली भैया बहनों से अल्प मात्रा में शुल्क लेकर विद्यालयों का संचालन किया जाता है । वहीं दूसरी ओर महाकौशल वनांचल शिक्षा सेवा न्यास के माध्यम से विद्या भारती अपने समाज के जनजाति एवं अनुसूचितजाति के भैया बहनों को शिक्षा उपलब्ध कराती है इस शिक्षा व्यवस्था में ऐसेअभावग्रस्त परिवार जो आर्थिक समस्या के कारण अपने बच्चों को



अच्छी शिक्षा नहीं दे पाते हैं उनके लिए शिक्षा प्रदान करने का कार्य किया जाता है महाकौशल प्रांत के द्वारा 2008 से 14 जिलों में विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम इस प्रकार की शिक्षा निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इसी शैक्षणिक प्रकल्पों को आर्थिक रूप से बल देने के लिए एक अभियान चलाकर विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के सहयोग से नगर में निवासरत बुद्धिजीवी शिक्षाविद विभिन्न सेवाओं में संलग्न व्यक्तियों से आर्थिक सहयोग लेकर इस प्रकार के प्रकल्पों को बल देने के लिए एक अभियान चलाया जायेगा जो की 2 2 फरवरी तक जारी रहेगा इस हेतु पत्रक का विमोचन किया गया।

## आध्यत्मिक स्नेह मिलन का हुआ आयोजन

**तेंदूखेड़ा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तेन्दूखेड़ा सेवा केन्द्र पर नव वर्ष के उपलक्ष्य में आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। परमात्म स्मृति व दीप प्रज्वलित के साथ शुभारंभ हुये इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में प्रीती दीदी ने अपने उद्बोधन में नए वर्ष की मंगल शुभ कामनाएं देते हुए नये वर्ष को मनाने की नई विधि बतलाई नया वर्ष तब होगा जब हम कुछ नया करेंगे। अपने जीवन मे कुछ परिवर्तन करेंगे। पहले जो करते थे वही अब करेगे तो वह नया नहीं कहला सकता।



कुछ अच्छे गुण व विशेषता को धारण कीजिये। जीवन मे नई ऊर्जा नया उमंग आएगा और आप सफलता की ओर अग्रसर होंगे। भाई - बहनों ने बुरी आदतों व्यसन छोड़ने जल्दी उठने व मेडिटेशन करने का दृढ़ संकल्प लिया वैल्यूज से सम्बंधित बलून गेम भी कराया। तथा आगामी 3 फरवरी में अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर नारी शक्ति अवॉर्ड से सम्मानित बी.के.सिस्टर शिवानी दीदी नरसिंहपुर आ रही है। ऑनलाइन निःशुल्क रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है उसी के आधार से सेवाकेन्द्र से गेट पास मिलेंगे। हमारे पूरे जिले का कार्यक्रम में जिमसें दीदी ने सबसे सहयोग की अपील की 15 सालों के प्रयासों के बाद नरसिंहपुर में शिवानी दीदी को सुनने का अवसर मिल पा रहा है।इस मौके पर विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग उपस्थित रहे। संस्थान की ओर से नए वर्ष का कलेण्डर सौगात में भेंट किया व ईश्वरीय प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

# साहू समाज का नव वर्ष मिलन समारोह आयोजित

**गोटेगांव।** स्थानीय नगर में साहू समाज द्वारा विगत दिवस नव वर्ष के उपलक्ष में समारोह का आयोजन जमुनिया रोड पर स्थित संगीत साहू के खेत पर नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किया गया इस आयोजन में गोटेगांव नगर के समस्त स्वजातीय बंधु मातृशक्ति युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, कार्यक्रम में दाल बाटी भरता पुलाव लड्डू चूरमा पापड़ सलाद का विशेष महाप्रसाद बनाया गया इसी क्रम में मां कर्मादेवी की पूर्ण विधि विधान मंत्रउच्चारण के साथ पूजन किया गया इस अवसर पर सभी ने आपस में एक दूसरे को नए साल के उपलक्ष में कैलेंडर बदले जाने पर न्यूईयर की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर साहू समाज अध्यक्ष भगवानदास साहू समाज की एकता संप्रभुता एवं उत्थान के लिए अपने विचार रखने के साथ ही महिला मंडल कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमें रूपवती साहू को महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष चुना गया एवं पूजा साहू को उपाध्यक्ष तथा आशा साहू को सचिव चुना गया वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष रूपवती साहू ने पूर्ण निष्ठा लगन एवं समर्पण भाव से कार्य करने का वचन दिया। कार्यक्रम में संजय साहू संगीत साहू,भोला साहू,घनश्याम साहू,हरीश साहू,पवन साहू,पत्रकार आशीष साहू,दुलीचंद साहू,साधना शिवशंकर साहू,अदिति आशीष साहू,लता साहू नीतू साहू सीता साहू सहित अनेक सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

